# प्रेस नोट थाना मदनापुर
# जनपद शाहजहांपुर

## सराहनीय कार्य दिनांक : 08.11.2025

## "थाना मदनापुर पुलिस की बडी कार्यवाही- हत्या के अभियोग मे वांछित 10 हजार के ईनामी अभियुक्त को किया गिरफ्तार"

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद शाहजहांपुर के निर्देशानुसार वांछित अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर शाहजहाँपुर महोदय के कुशल निर्देशन में व क्षेत्राधिकारी सदर के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना मदनापुर के कुशल नेतृत्व में थाना मदनापुर पुलिस टीम द्वारा थाना मदनापुर पर पंजीकृत मु0अ0स0 207/25 धारा 191(2)/103(1) बीएनएस मे रु0 10,000/- ईनामिया वांछित अभियुक्त नबीदराज पुत्र नबीशेर निवासी ग्राम मंगटोरा थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर को आज दिनांक 08.11.2025 को सूचना मुखबिरी के आधार पर **बुधवाना(मदनापुर) -जलालाबाद मार्ग पर शहीदे वतन स्कूल के पास** से समय करीब 13.10 बजे बजे गिरफ्तार किया गया।

### संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 12.09.2025 को वादिनी श्रीमती किशोरी पत्नी स्व. धनपाल निवासी ग्राम मंगटोरा, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा लिखित तहरीर दाखिल की गई थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि अभियुक्तगण 1. भोपाल उर्फ रमनपाल, 2. पोपी उर्फ अमरपाल पुत्रगण श्रीकृष्ण, 3. झब्बू उर्फ भबरपाल पुत्र नन्हे, सर्व निवासी ग्राम मंगटोरा, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर तथा 4. टिंकू गुर्जर पुत्र रामसिंह निवासी ग्राम भुडिया, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादिनी के पुत्र सुखदेव (उम्र लगभग 30 वर्ष) को घर से बुलाकर ग्राम मझौला स्थित ओमकार पुत्र ज्वाला के खेत में ले जाकर मारपीट कर गले में गमछा बांधकर गला दबाकर हत्या कर दी गई थी। उक्त प्रकरण में थाना मदनापुर पर मु0अ0सं0 207/2025 धारा 103(1) भा0द0स0 (बीएनएस) में अभियोग पंजीकृत किया गया। विवेचना के दौरान अभियुक्त नबीदराज पुत्र नबीशेर निवासी ग्राम मंगटोरा, थाना जलालाबाद, जनपद शाहजहाँपुर एवं धीरेन्द्र उर्फ नन्हे गुर्जर पुत्र गजराज निवासी ग्राम मझौला, थाना मदनापुर, जनपद शाहजहाँपुर का नाम प्रकाश में आया, जिसके क्रम में धारा 191(2) बीएनएस की वृद्धि की गई। अभियोग में वांछित अभियुक्त नबीदराज उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु सतत दबिश दी जा रही थी। दिनांक 06.11.2025 को श्रीमान पुलिस अधीक्षक शाहजहाँपुर महोदय द्वारा उक्त अभियुक्त पर ₹10,000/- का पुरस्कार घोषित किया गया था। आज दिनांक 08.11.2025 को थाना मदनापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुधवाना (मदनापुर)–जलालाबाद मार्ग पर शहीदे वतन स्कूल के पास से समय लगभग 13:10 बजे अभियुक्त नबीदराज पुत्र नबीशेर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

### गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-

नबीदराज पुत्र नबीशेर निवासी ग्राम मंगटोरा थाना जलालाबाद जिला शाहजहांपुर।

### अपराधिक इतिहास अभियुक्त नबीशेर उपरोक्त

मु0अ0स0 207/25 धारा 191(2)/103(1) बीएनएस थाना मदनापुर जिला शाहजहाँपुर।

### गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

दिनांक 08.11.2025 को थाना मदनापुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर बुधवाना (मदनापुर)–जलालाबाद मार्ग पर शहीदे वतन स्कूल के पास से समय लगभग 13:10 बजे

### गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरणः-

1. प्र0नि0 विश्वजीत प्रताप सिंह थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।
2. उ0नि0 लाल बहादुर सिंह थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।
3. का0 2173 रोनिश थाना मदनापुर जिला शाहजहांपुर।